रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 310] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 28, 2012/आषाढ़ 7, 1934
No. 310] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 28, 2012/ASADHA 7, 1934

विद्युत मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 जून, 2012

सा.का.नि. 510(अ).—केन्द्रीय सरकार, विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 120 की उप-धारा (2) के खंड (1) के साथ पठित ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 56 की उप-धारा (1) और धारा 56 की उप-धारा (2) के खण्ड (द) और खण्ड (फ) धारा 31 की उप--धारा (2) धारा 31क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

अध्याय 1
प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ - (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम ऊर्जा संरक्षण अपील अधिकरण (प्रक्रिया, प्ररूप, फीस और कार्यवाहियों का अभिलेख) नियम, 2012 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) 'अधिनियम' से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) अभिप्रेत है;

(ख) "अपील" से धारा 31 की उपधारा (1) के अंतर्गत की गई अपील अभिप्रेत है;

ग) 'अपील अधिकरण' से अधिनियम की धारा 30 में विनिर्दिष्ट ऊर्जा संरक्षण अपील अधिकरण अभिप्रेत है;

ि) 'विधि व्यवसायी' से ऐसा अधिवक्ता अभिप्रेत है, जो अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का 25) के अधीन विधि के व्यवसाय करने का हकदार है;

(ड़) 'अंतवर्ती आवेदन' से किसी अपील में या अधिकरण में पहले से संस्थित कार्यवाही में, परंतु जो अधिकरण के आदेश या निदेश के निष्पादन के लिए कार्यवाही नहीं है, मूल अर्जी में किया गया कोई आवेदन अभिप्रेत है;

(च) 'रजिस्ट्रार' से अपील अधिकरण का रजिस्ट्रार अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत उक्त अपील अधिकरण का कोई ऐसा अन्य अधिकारी या कर्मचारीवृंद शामिल है, जिसे रजिस्ट्रार की

शक्तियां और कार्य प्रत्यायोजित किए जा सकेंगे या सौंपे जा सकेंगे अथवा जो समय-समय पर अपील अधिकरण के अध्यक्ष द्वारा इस प्रकार कार्य करने के लिए प्राधिकृत है;

(छ) 'रजिस्ट्री' से अपील अधिकरण की रजिस्ट्री अभिप्रेत है;

(ज) 'धारा' से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(झ) "अनुसूची" इन नियमों से अनुबंद्ध अनुसूची अभिप्रेत है।

(2) इसमें प्रयुक्त ऐसे शब्दों और पदों का जो परिभाषित नहीं है, किंतु उन्हें अधिनियम में परिभाषित किया गया है, वहीं अर्थ होगा जो क्रमशः उन्हें अधिनियम में सम्मनुदेशित किया गया है ।

3. समयावधि की संगणना - जहां किसी कार्य को करने के लिए कोई अवधि अधिनियम और इन नियमों द्वारा या किसी अन्य विधि के अधीन विहित की गई है अथवा अपील अधिकरण द्वारा नियत की गई है वहां समय के संगणना में उस दिन, जब से उक्त अवधि को माना जाना है, को अपवर्जित किया जाएगा और अगर अंतिम दिन ऐसे दिन समाप्त होता है जब अपील अधिकरण का कार्यालय बंद है तो वह दिन और कोई उत्तरवर्ती दिन, जिस को अपील अधिकरण बंद रहता है, को भी अपवर्जित किया जाएगा।

4. प्ररूप - ऐसे उपांतरणों या फेरकार के साथ, जो प्रत्येक मामले की परिस्थितियों में अपेक्षित हो सकेंगी, इन नियमों में विनिर्दिष्ट का इसमें वर्णित प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जाएगा और जहां किसी आकस्मिकता को समावेशित करने के लिए कोई प्ररूप विनिर्दिष्ट नहीं है वहां रजिस्ट्रार द्वारा यथाअनुमोदित प्ररूप का उपयोग किया जाएगा।

5. आदेश या निदेश या नियम आदि का रूप विधान - प्रत्येक नियम, निदेश, आदेश, सम्मन, वारंट या अन्य आज्ञापक प्रक्रिया अध्यक्ष के नाम से जारी की जाएंगी और उनपर रजिस्ट्रार अथवा उसके लिए अध्यक्ष द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट रूप से प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर करने के दिन, माह और वर्ष सहित हस्ताक्षर किया जाएगा तथा उसपर अपील अधिकरण की मुद्रा लगाई जाएगी।

6. अपील अधिकरण की प्राधिकारिक मुद्रा - अपील अधिकरण की प्राधिकारिक मुद्रा ऐसी होगी, जो समय-समय पर अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए और वह रजिस्ट्रार की अभिरक्षा में होगी।

7. अभिलेखों की अभिरक्षा - रजिस्ट्रार के पास अपील अधिकरण के अभिलेखों की अभिरक्षा होगी और किसी वाद या मामले में फाइल किया गया कोई अभिलेख या दस्तावेज अपील अधिकरण की इजाजत के बिना अपील अधिकरण की अभिरक्षा से बाहर ले जाने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी परंतु अपील अधिकरण का कोई पदधारी रजिस्ट्रार के पूर्व लिखित अनुमोदन से अपील अधिकरण से शासकीय प्रयोजनों के लिए किसी शासकीय कागज पत्र या अभिलेख को हटा सकेगा ।

8. अपील अधिकरण की अवधि- अपील अधिकरण की कार्यावधि साधारणतया अध्यक्ष द्वारा दिए गए किसी आदेश के अधीन रहते हुए 10.30 बजे पूर्वाह्न से 1.15 बजे अपराह्न तक और 2.15 बजे अपराह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक होगी और यह अपील अधिकरण की किसी न्याय पीठ को अपनी बैठक अवधि उस तक बढ़ाने के लिए, जो वह ठीक समझे असमर्थ नहीं करेगी ।

9. अपील अधिकरण की कार्यावधि - (1) अपील अधिकरण का कार्यालय सभी कार्य दिवसों पर 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.30 बजे अपराह्न तक खुला रहेगा।

(2) रजिस्ट्री का फाइलिंग काउंटर सभी कार्यदिवसों पर 10.30 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक खुला रहेगा।

10. कैलेंडर- किसी वर्ष में अपील अधिकरण का कार्य दिवसों का कैलेंडर वह होगा जो अपील अधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा विनिश्चित किया जाए ।

11. समावेदन मामले - अपराह्न 12 बजे से पूर्व फाइल किए गए सभी अति आवश्यक मामले यदि वे इन नियमों में और आपवादिक मामलों में यथा उपबंधित सभी प्रकार से पूर्ण है तो अपील अधिकरण के समक्ष अगले कार्य दिवस को सूचीबद्ध किए जायेंगे, अगले कार्य दिवस को सूचीबद्ध होने के लिए इसे अपील अधिकरण या इसके अध्यक्ष की विशिष्ट अनुमति अपराह्न 12 बजे के पश्चात् किंतु 3.00 बजे अपराह्न के पूर्व प्राप्त किया जाएगा ।

12. छूट देने की शक्ति - अपील अधिकरण पर्याप्त कारण दर्शाए जाने पर इन नियमों की किसी अपेक्षा के अनुपालन से पक्षकारों को छूट दे सकेगा और पद्धति और प्रक्रिया के मामले में ऐसे निर्देश दे सकेगा जो वह सारवान न्याय देने के लिए इस संबंध में किए गए आवेदन पर उचित और समीचीन समझे।

13. समय बढ़ाने की शक्ति - अपील अधिकरण ऐसे निबंधनों पर, यदि कोई हो, जो कि मामले में न्याय के लिए अपेक्षित है कोई कार्य करने अथवा कोई कार्यवाही करने के लिए इन नियमों अथवा किसी आदेश द्वारा नियत समय को बढ़ा सकेगा और किसी वृद्धि का आदेश दिया जा सकेगा, यद्यपि इसके लिए आवेदन नियत या अनुज्ञात समय की समाप्ति के बाद तक नहीं दिया जाता है।

अध्याय-2
रजिस्ट्रार की शक्तियां

14. रजिस्ट्रार की शक्तियां और कृत्य - रजिस्ट्रार के निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगे, अर्थात :-

(क) अपील, अर्जियों और आवेदनों का रजिस्ट्रीकरण;

(ख) अपील या अर्जी या आवेदन अथवा पश्चातवर्ती कार्यवाहियों के संशोधन के लिए आवेदन प्राप्त करना;

(ग) नए सम्मन अथवा सूचनाओं और उनकी तामील के संबंध में आवेदन प्राप्त करना;

(घ) नए सम्मन या सूचनाओं और अल्पावधि सम्मन और सूचनाओं के लिए आवेदन प्राप्त करना;

(ङ) सम्मन या सूचनाओं को प्रतिस्थापी तामील करने के लिए आवेदन प्राप्त करना;

(च) दस्तावेजों की स्वीकृति और उनके निरीक्षण से संबंधित आदेश चाहने के लिए आवेदन प्राप्त करना;

(छ) निष्पादन आदि के लिए विनिर्दिष्ट प्रमाणपत्र (प्रमाणपत्रों) के साथ अपील अधिकरण द्वारा यथानिदेशित सिविल न्यायालय को निर्देश/आदेश का पारेषण करना; और

(ज) ऐसे अन्य अनुषांगिक/मामले जो समय-समय पर अपील अधिकरण का अध्यक्ष निदेश दे।

15. स्थगन की शक्ति - सभी स्थगन सामान्यतया न्यायालय में संबंधित पीठ के समक्ष मांगे जाएंगे और असाधारण परिस्थितियों में, यदि चैम्बर में अपील अधिकरण द्वारा ऐसा निदेश दिया जाता है रजिस्ट्रार किसी भी समय किसी मामले को स्थगित करेगा और उसे चैम्बर में अपील अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

16. अपील अधिकरण के अध्यक्ष की शक्तियों का प्रत्यायोजन - अपील अधिकरण का अध्यक्ष, रजिस्ट्रार द्वारा प्रयोग किए जाने वाले इन नियमों द्वारा अपेक्षित सभी या कुछ कृत्यों, को किसी उप-रजिस्ट्रार या किसी उपयुक्त अधिकारी को सौंप अथवा प्रत्यायोजित कर सकेगा ।

अध्याय-3
कार्यवाही, अर्जियों, अपीलों आदि का संस्थापन

17 कार्यवाहियों के लिए प्रक्रिया - (1) अपील अधिकरण को प्रस्तुत प्रत्येक अपील, अर्जी, आवेदन, केवियट अर्जी, आपत्ति या प्रतिवाद-पत्र अंग्रेजी में होगा और यदि वह किसी अन्य भारतीय भाषा में है तो उसके साथ अंग्रेजी में अनुवाद की गई एक प्रति संलग्न होगी तथा वह सही और पठनीय रूप से शीर्ष पर लगभग चार सेंटीमीटर के हाशिए तथा दांई ओर 2.5 सेंटीमीटर और बांई ओर 5 सेंटीमीटर (5 से.मी.) के भीतरी हाशिए के साथ विधिवत पृष्ठांकित सूचकांकित और पेपर बुक प्ररुप में एक साथ सिली हुई मानक याचिका कागज की एक ओर दोहरा स्थान देते हुए टंकित, लिथोग्राफ अथवा मुद्रित की गई होगी।

(2) वाद शीर्षक में ऊर्जा संरक्षण अपील अधिकरण में ' वर्णित होगा और उस पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 121 के साथ पठित अधिनियम की धारा 31 की उपधारा (1) और धारा 31 (क) के अधीन क्रमशः अपील, मूल अथवा विशेष मूल अधिकारिता विनिर्दिष्ट होगी, जिसमें इसे प्रस्तुत किया गया है और उसमें उस प्राधिकरण की कार्यवाहियां या आदेश जिसके विरूद्ध इसे किया गया है, भी उपवर्णित होगा।

(3) अपील, अर्जी, आवेदन, प्रतिवाद पत्र और आपत्ति पैराग्राफों में विभाजित किए जाएंगे और क्रमवर्ती रूप में संख्यांकित किए जाएंगे तथा प्रत्येक पैराग्राफ में जहां तक लगभग संभव हो पृथक तथ्य या अभिकथन अथवा बिन्दु अंतर्विष्ट होंगे।

(4) जहां शक् संवत अथवा अन्य तारीखों का प्रयोग किया जाता है, वहां ग्रेगोरियाई कैलेंडर की समतुल्य तारीखें भी दी जाएंगी।

(5) अपील या अर्जी या आवेदन के प्रारंभ में प्रत्येक पक्षकार का पूरा नाम, माता-पिता का नाम, विवरण और पता और यदि कोई पक्षकार मुकदमा चलाती है अथवा किसी प्रातिनिधिक प्रकृति में उसपर मुकदमा चलाया जा रहा है, का भी वर्णन किया जाएगा और उसे समान अपील या अर्जी अथवा आवेदन में की पश्चातवर्ती में दोहराने की आवश्यकता नहीं है ।

(6) पक्षकारों के नाम क्रमवर्ती रूप से संख्यांकित किए जायेंगे और प्रत्येक पक्षकार के नाम और वर्णन के लिए पृथक पंक्ति आवंटित की जानी चाहिए। इन संख्याओं को परिवर्तित नहीं किया जाएगा और अपील या अर्जी अथवा मामले के लंबित रहने के दौरान किसी पक्षकार की मृत्यु होने की दशा में, यथास्थिति, उसके जिसके वारिस या प्रतिनिधि, यदि एक से अधिक हों तो उन्हें उप-संख्याओं द्वारा दर्शाया जाएगा और जहां नए पक्षकार बनाए जाते हैं वहां उन्हें उस विशिष्ट प्रवर्ग में, जिसमें उन्हें बनाया गया है, क्रमवर्ती रूप से संख्यांकित किया जा सकेगा ।

(7) प्रत्येक कार्यवाही में वाद शीर्ष के तुरंत बाद विधि के उन उपबंधों का वर्णन किया जाएगा, जिसके अधीन वह संस्थित की गई है।

18. तामील के लिए पते में दी जाने वाली विशिष्टियां- पक्षकार की ओर से प्रत्येक अपील या अर्जी अथवा आवेदन या केवियट के साथ सम्मनों की तामील के लिए पता फाइल किया जाएगा और जहां तक संभव हो उसमें निम्नलिखित विशिष्टताएं अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात :-

(क) सड़क, स्ट्रीट, गली और नगरपालिका प्रभाग/वार्ड, नगरपालिका डोर और मकान के अन्य; नम्बर;
(ख) नगर या गांव का नाम;
(ग) डाकघर, डाक जिला और पिन कोड; और
(घ) फैक्स संख्या, मोबाइल नम्बर और ई-मेल पता, यदि कोई हो जैसे जैसी कोई अन्य विशिष्टियां, जो प्रेषिति की पहचान के लिए आवश्यक हों ।

19. परिवर्तन पर आद्याक्षर करना - किसी अपील या अर्जी या आवेदन अथवा दस्तावेज में प्रत्येक अंतरालेखन, मार्जक या शुद्धि या हटाया जाना पक्षकार या उसके मान्यताप्राप्त अभिकर्त्ता अथवा उसे प्रस्तुत करने वाले अधिवक्ता द्वारा आद्याक्षर किया जाएगा।

20. अपील या अर्जी का प्रस्तुतिकरण - (1) प्रत्येक अपील, अर्जी, केवियट, उपंतवर्ती आवेदन और दस्तावेज़ो को अपीलार्थी, अर्जीदार, आवेदक या प्रत्यर्थी द्वारा यथास्थिति व्यक्तिगत रूप से, या उसके सम्यक रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा या इस निमित्त सम्यक रूप से नियुक्त किसी अधिवक्ता द्वारा फाइलिंग काउंटर पर नियत फीस के साथ यथास्थिति, प्ररूप 1, प्ररूप 2 और प्ररूप 3 में प्रस्तुत किया जाएगा और इसका अनुपालन इसको ग्रहण करने से इंकार किए जाने का विधिमान्य आधार होगा।

(2) प्रत्येक अपील या अर्जी के साथ प्रतिवाद आदेश की प्रमाणित प्रति संलग्न होगी।

(3) अपील अधिकरण में फाइल किए गए ऐसे सभी दस्तावेजों के साथ तीन प्रतियों में एक अनुसूची संलग्न होगी जिसमें उनके ब्यौरे और उनपर संदत्त फीस का ब्यौरा अंतर्विष्ट होगा।

(4) विहित विरोधी पक्षकार पर तामील करने के लिए अपील या अर्जी या आवेदन की प्रतियों की पर्याप्त संख्या भी फाइल की जाएगी।

(5) लंबित मामलों में, सभी आवेदन विरोधी पक्षकार या उसके अभिलेख अधिवक्ता को अग्रिम रूप में उसकी प्रतियां देने के बाद प्रस्तुत किए जाएंगे।

(6) अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट आदेशिका फीस यथाविहित पर्याप्त आकार के लिफाफों की अपेक्षित संख्या और सूचना प्ररुप सहित अपील के ज्ञापन के साथ फाइल की जाएगी।

21. फाइल की जाने वाली प्रतियों की संख्या - अपीलार्थी, अर्जीकर्त्ता, आवेदक, प्रत्यर्थी, यथास्थिति, अपील, अर्जी, आवेदन अथवा प्रतिवाद या आक्षेपों, की तीन अधिप्रमाणित प्रतियां फाइल करेगा और प्रत्येक विरोधी पक्षकार को एक प्रति परिदत्त करेगा।

22. केवियट दाखिल करना - (1) प्रत्यर्थी किसी अपील, अर्जी, आवेदन में तीन प्रतियों में एक केवियट दाखिल कर सकेगा जो प्रत्याशित अर्जीदार या अपीलार्थी पर रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा प्रतिलिपि अग्रेषित करने या उसकी तामिल करने के पश्चात् विनिर्दिष्ट फीस का संदाय करके इस अपील अधिकरण के समक्ष संस्थित की जा सकती है और केवियट विहित प्ररुप 4 में होगी और उसमें ऐसे ब्यौरे और विवरण या आदेश या निर्देश; उस प्राधिकारी, जिसके आदेश या निर्देश के विरूद्ध प्रत्याशित अपीलार्थी या अर्जीकर्त्ता द्वारा अपील अथवा अर्जी दी जा रही है, का दूसरे पक्षकार पर तामील करने के लिए पूरे पते के साथ अंतर्विष्ट होगा जिससे अपील या अर्जी की अपील या अर्जी अथवा अंतरिम आवेदन पर कार्रवाई करने के पूर्व तामील की जा सके।

परंतु, यह अत्यावश्यकता की दशा में अंतरिम आदेशों को पारित करने के लिए अपील अधिकरण की अधिकारिता को प्रभावित नहीं करेगा।

(2) केवियट उसके फाइल करने की तारीख से नब्बे दिनों की अवधि तक विधिमान्य रहेगी।

23. पृष्ठांकन और सत्यापन - प्रत्येक अर्जी या अपील या अभिवचन के नीचे अभिलेख पर अधिवक्ता, यदि कोई हो, जिसने उसे तैयार किया है, का नाम और हस्ताक्षर और ज्येष्ठ अधिवक्ता, जिसने उसका निपटारा किया है का भी नाम अंकित होगा और प्रत्येक अपील या अर्जी को इन नियमों द्वारा उपबंधित रीति में से संबंधित पक्षकार द्वारा हस्ताक्षरित और सत्यापित किया जाएगा।

24. दस्तावेज का अनुवाद - (1) अपील अधिकरण के समक्ष किसी कार्यवाही में प्रयुक्त किए जाने के लिए आशयित अंग्रेजी भाषा से भिन्न किसी भाषा में दस्तावेज ऐसी अंग्रेजी प्रति के साथ जिसपर दोनों पक्षकारों द्वारा सहमति दी जाती है या किसी वाद के पक्षकारों की ओर से नियुक्त अधिवक्ता या किसी अन्य काउंसेल द्वारा, चाहे उसे मामलों में नियुक्त किया गया है या नहीं सही अनुदित प्रति के रूप में प्रमाणित किया जाता है या यदि वाद नियुक्त काउंसल ऐसे प्रमाणपत्र अथवा रजिस्ट्रार द्वारा इस प्रयोजन के लिए ऐसे प्रभारों के संदाय पर अनुमोदित अनुवादक द्वारा तैयार सामग्री को प्रमाणीकृत किया जाता है, में प्रति के साथ रजिस्ट्री द्वारा प्राप्त की जाएगी।

(2) अपील या अर्जी या अन्य कार्यवाही तब तक सुनवाई के लिए नहीं रखी जाएगी जब तक सभी पक्षकार इस बात की पुष्टि नहीं कर देते हैं कि फाइल किए गए सभी दस्तावेज, जिनपर उनका अवलंब लेना आशयित है, अंग्रेजी में हैं अथवा उनका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है और प्रतियों की अपेक्षित संख्या अधिकरण में फाइल की गई हैं।

25. अर्जी या अपील या दस्तावेज का पृष्ठांकन और जांच - (1) फाइलिंग काउंटर का भार साधक व्यक्ति अर्जी या अपील या आवेदन अथवा दस्तावेज की प्राप्ति पर तत्काल उनपर और अनुक्रमणिका की अतिरिक्त प्रतियों पर भी अधिकरण की तारीख की मुहर लगाएगा और पक्षकार को पावती वापस करेगा तथा प्रतियों के पहले पृष्ठ पर लगाई मुहर पर अपना आद्याक्षर भी करेगा और ऐसे सभी दस्तावेजों के विवरण की प्रविष्टि दैनिक फाइलिंग के बाद रजिस्टर में करेगा तथा उसके लिए डायरी संख्या देगा, जो प्रविष्टि तारीख की मुहर के नीचे प्रविष्टि की जाएगी और तत्पश्चात् उसे जांच के लिए भेजेगा।

(2) यदि जांच करने पर, अपील, अर्जी, आवेदन या दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाए जाते हैं तो ऐसा दस्तावेज पक्षकार को सूचना देने के बाद अनुपालन के लिए वापस कर दिया जाएगा और यदि वापसी की तारीख से सात दिनों के भीतर अनुपालन में असफलता होती है तो उसे रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जो उपयुक्त आदेश पारित कर सकेगा ।

(3) रजिस्ट्रार पर्याप्त कारण से उक्त दस्तावेज सुधारने या संशोधन करने के लिए उसे फाइल करने वाले पक्षकार को वापस कर सकेगा और इस प्रयोजनार्थ संबंधित पक्षकार को ऐसा युक्तियुक्त समय, जो वह आवश्यक समझे, अनुज्ञात कर सकेगा अथवा अनुपालन के लिए समय बढ़ा सकेगा ।

(4) जहां कोई पक्षकार त्रुटि को दूर करने के लिए नियत अवधि के भीतर कोई उपाय करने में विफल रहता है वहां रजिस्ट्रार लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से अभिवचन या दस्तावेज रजिस्टर करने से इंकार कर सकेगा ।

26. स्वीकृत कार्यवाहियों का रजिस्ट्रीकरण - अपील या अर्जी या केवियट अथवा आवेदन के ग्रहण किए जाने पर इस निमित्त रखे जाने वाले रजिस्टर में संख्याकित और रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा और उसकी संख्या उसमें प्रविष्ट की जाएगी।

27. एकपक्षीय संशोधन - प्रत्येक अपील या अर्जी अथवा आवेदन में अंकगणितीय, व्याकरणात्मक, लिपिकीय और ऐसी अन्य त्रुटियां का, पक्षकारों को सूचना को सूचना दिए बिना रजिस्ट्रार के आदेश पर सुधार किया जा सकेगा ।

28. अभिलेख मांगना - अपील, अर्जी, आवेदन के ग्रहण पर रजिस्ट्रार, यदि अपील अधिकरण द्वारा ऐसा निदेश दिया जाता है, संबंधित न्यायनिर्णायक प्राधिकारी केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार अथवा अधिनियम के अंतर्गत कोई अन्य प्राधिकारी से कार्यवाहियों से संबंधित अभिलेख मंगाएगा और उसे अपील अधिकरण के समक्ष कार्यवाही समाप्त होने पर या किसी समय पुनः भेजेगा ।

29. संगम के लिए अथवा उसकी ओर से प्राधिकार पेश करना - जहां कोई अपील, आवेदन, अर्जी या किसी संगम द्वारा अथवा उसकी ओर से संस्थित किया जाना तत्पर्यित है वहां वह व्यक्ति या वे व्यक्ति जिसने उस पर हस्ताक्षर किया है या किए या उसे सत्यापित किया है या किए है ऐसे आवेदन के साथ रजिस्ट्री द्वारा सत्यापन के लिए ऐसे व्यक्ति (व्यक्तियों) द्वारा ऐसा करने का प्राधिकार देते हुए संगम के संकल्प की सही प्रति प्रस्तुत करेगा/करेंगे।

परंतु रजिस्ट्रार किसी भी समय पक्षकार को ऐसी और सामग्री, जो वह सम्यक प्राधिकार के बारे में स्वयं के समाधान के लिए उचित समझता है, प्रस्तुत करने के लिए कह सकेगा ।

परन्तु यह और कि वह उन सदस्यों की, जिनके लाभ के लिए कार्यवाहियां संस्थित की जाती है, की सूची तैयार करेगा।

30. अन्तवर्ती आवेदन - रोक, निदेश, विलम्ब की माफी, उस आदेश की, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, प्रति की प्रस्तुति से छूट अथवा लंबित मामलों में प्रार्थना की गई अवधि की वृद्धि के लिए अंतवर्ती आवेदन विनिर्दिष्ट प्ररुप में होगा और आवेदन के समर्थन में एक शपथपत्र फाइल करने के अतिरिक्त आवेदक द्वारा उस संबंध में विहित अपेक्षाओं का आवेदक द्वारा पालन किया जाएगा।

31. विरूपित, फटे या क्षतिग्रस्त दस्तावेजों की प्रस्तुति पर प्रक्रिया- जब किसी अभिवचन के साथ प्रस्तुत दस्तावेज विरूपित, फटा हुआ अथवा अन्य किसी प्रकार क्षतिग्रस्त प्रतीत होता है अथवा अन्यथा उसकी दशा और बनावट पर विशेष ध्यान अपेक्षित होता है तब उसकी दशा और बनावट के संबंध में उसे प्रस्तुत करने वाले पक्षकार द्वारा ऐसे अभिवचन की अनुक्रमणिका में उल्लेख किया जाएगा और उसै प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उसे सत्यापित और आद्याक्षरित किया जाएगा।

अध्याय-4
वाद सूची

32. दैनिक वाद सूची की तैयारी और प्रकाशन : (1) रजिस्ट्री प्रत्येक कार्य दिवस को कार्य घंटों की समाप्ति के पूर्व अगले कार्य दिवस के लिए वाद सूची तैयार करेगी और रजिस्ट्री के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित करेगी तथा अपील अधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशों के अधीन रहते हुए दैनिक वाद सूची में मुकदमों का सूचीकरण जब तक संबंधित न्यायपीठ द्वारा अन्यथा आदेश नहीं दिया जाए निम्नलिखित प्राथमिकता क्रम में होगा, अर्थात :-

(क) 'आदेशों की घोषणा'' के मामले;
(ख) 'स्पष्टीकरण' के मामले;
(ग) 'ग्रहण' के मामले;
(घ) 'आदेश अथवा निदेश' के मामले;
(ङ) आंशिक सुनवाई किए गए मामले, पूर्वोदाहरण सहित अद्यतन आंशिक सुनवाई; और

(च) सांख्यिक क्रम के अनुसार या न्याय पीठ द्वारा यथानिदेशित दर्ज मामले।

(2) दैनिक वाद सूची के शीर्षक में अपील, अर्जी की संख्या, न्यायालय के बैठने के दिन, तारीख और समय, न्यायालय कक्ष संख्या और अध्यक्ष, न्यायिक सदस्यों तथा पीठ का गठन करने वाले तकनीकी सदस्यों का नाम दर्शाते हुए कोरम समाविष्ट होगा।

(3) दैनिक वाद सूची में सूचीबद्ध प्रत्येक वाद की संख्या के सामने निम्नलिखित दर्शाया जाए:; अर्थात –

(क) दोनों पक्षों की ओर से हाज़िर हो रहे विधिक व्यवसायियों के नाम और कोष्ठकों में उन पक्षकारों, जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं, रैंक का वर्णन;

(ख) पक्षकारों के, जिनका प्रतिनिधित्व नहीं किया गया है, कोष्ठक में उनके रैंक सहित नाम;

(4) दैनिक वाद सूची के टिप्पण स्तंभ में, जहां अनुपालन अपेक्षित है, रजिस्ट्री के आक्षेप और विशेष निदेश, यदि कोई हो, का संक्षिप्त वर्णन उपदर्शित किया जाएगा।

33. न्याय पीठ के नहीं बैठने के कारण वाद सूची को अग्रनीत करना और मुकदमों का स्थगन –

(1) यदि छुट्टी अवकाश की घोषणा के कारण अथवा किसी अन्य अप्रत्याशित कारण से न्यायपीठ उस दिन कार्य नहीं करती है तो उस दिन के लिए दैनिक वाद सूची जब तक अन्यथा निदेशित नहीं दिया गया हो, को अगले कार्य दिवस के लिए उस दिन पहले से दर्ज वादों के अतिरिक्त, दैनिक वाद सूची के रूप में समझी जाएगी ।

(2) जब किसी विशिष्ट न्याय पीठ की बैठक, पीठ के सदस्य (सदस्यों) की असमर्थता के कारण रद्द कर दी जाती है, रजिस्ट्रार जब तक अन्यथा निदेशित नहीं हो, उस न्याय पीठ के समक्ष दर्ज वादो को किसी सुविधाजनक तारीख के लिए स्थगित करेगा। स्थगन या दर्ज करना या निदेश सूचना पट्ट पर अधिसूचित किया जाएगा।

अध्याय-5
कार्यवाहियों का अभिलेख

34. डायरियां - डायरियां ऐसे रूप में, जो प्रत्येक अपील या अर्जी या आवेदन में विनिर्दिष्ट की जाएं, भार साधक लिपिक द्वारा रखी जाएंगी और उन्हें सुपाठ्य रूप से लिखा जाएगा। मुख्य फाइल की डायरी में अपील या अर्जी या आवेदन का संक्षिप्त वृतांत, उसमें पारित आदेश (आदेशों) का सार अंतर्विष्ट होगा और निष्पादन कार्यवाहियों में आदेश या निदेश या नियम के निष्पादन में सभी कार्यवाहियों का पूर्ण अभिलेख अंतर्विष्ट होगा और उप-रजिस्ट्रार द्वारा पंद्रह दिनों में एक बार उसकी जांच की जाएगी तथा उस पर आद्याक्षर किया जाएगा।

35. आदेश शीट- (1) प्रत्येक कार्यवाहियों में आदेश शीट अनुरक्षित की जाएगी और उसमें अपील अधिकरण द्वारा समय-समय पर पारित सभी आदेश अंतर्विष्ट होंगे।

(2) अपील अधिकरण द्वारा पारित सभी आदेश अंग्रेजी में होंगे और वह न्याय पीठ गठित करने वाले अधिकरण के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा;

परंतु अभिलेख मांगने, अभिलेख के साथ प्रस्तुत करने, स्थगन और अन्य कोई आदेश, जैसा अपील अधिकरण के सदस्य द्वारा निर्देश दिया जाए, अन्य आदेशों पर कोर्ट मास्टर द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा।

(3) आदेश शीट में अपील, अर्जी, आवेदन की संदर्भ संख्या, आदेश की तारीख और अन्य अनुषंगिक ब्यौरे अंतर्विष्ट होंगे जिसके अंतर्गत लघु वाद शीर्षक भी हैं ।

36. न्यायालय डायरी का अनुरक्षण - (1) संबंधित न्याय पीठ का कोर्ट मास्टर पठनीय रूप से एक न्यायालय डायरी रखेगा, जिसमें वह दैनिक वाद सूची में सूचीबद्ध आवेदनों या अर्जी अथवा अपीलों के संबंध में प्रत्येक बैठक के लिए न्यायालय की कार्यवाहियों को दर्ज करेगा।

(2) न्यायालय डायरी में लेखबद्ध किए जाने वाले मामलों में यथास्थिति, अगली बैठक की तारीख के साथ इस बात का ब्यौरा कि क्या मुकदमा स्थगित हो गया है, अथवा आंशिक सुनवाई की गई है या सुनवाई की गई है और निपटारा किया गया है अथवा सुनवाई की गई है और आदेश सुरक्षित रखे गए हैं, सम्मिलित होगा।

37. निर्देश के लिए कानून या प्रोद्धरण - पक्षकार या विधि व्यवसायी दिन की कार्यहियां प्रारंभ करने के पूर्व कोर्ट मास्टर को विधि के जर्नलों, रिपोर्टों, कानूनों और अन्य प्रोद्धरणों की; जिनके प्रतिनिर्देश की आवश्यकता हो सकती है, की सूची उसके पूर्ण पाठ की जेरोक्स प्रति की सूची प्रस्तुत कर सकेंगे ।

38. न्यायालय में वादों की पुकार करना - न्याय पीठ के आदेशों के अधीन रहते हुए कोर्ट मास्टर वाद सूची में सूचीबद्ध वादों की क्रम संख्या में पुकार करवाएगा ।

39. न्यायालय के कार्य का विनियमन - (1) जब अपील अधिकरण बैठक कर रहा हो तब उप-रजिस्ट्रार निम्नलिखित यह सुनिश्चित करेगा कि:-

(क) न्याय पीठ को कोर्ट मास्टर या आशुलिपिक या चपरासी अथवा परिचारक की सेवाएं उपलब्ध कराने में कोई असुविधा अथवा समय की बर्बादी नहीं होती है;

(ख) कोर्ट मास्टर सुनिश्चित करेगा कि न्यायालय कक्ष में और उसके चारों ओर पूर्ण शांति बनी हुई है और न्याय पीठ के कार्यकरण में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं उत्पन्न हो रही है और न्यायालय के सम्मान और मर्यादा को बनाए रखने के लिए उचित सावधानी रखी जाती है।

(2) जब न्याय पीठ कोई आदेश पारित करती है या निदेश जारी करती है तो कोर्ट मास्टर यह सुनिश्चित करेगा कि न्याय पीठ की कार्यवाहियों अथवा आदेशों के साथ वाद का अभिलेख तत्काल रजिस्ट्री को परेषित किए जाएं और रजिस्ट्री वाद सूची के संदर्भ में कोर्ट मास्टर से प्राप्त मुकदमे के अभिलेख का सत्यापन करेगी और न्याय पीठ के निदेशों या आदेशों को सूचित करने के लिए तत्काल कदम उठाएगी।

अध्याय-6
रजिस्टरों का अनुरक्षण

40. अनुरक्षित किए जाने वाले रजिस्टर - अपील आधिकरण की रजिस्ट्री के ऐसे अधिकारी या अधिकारियों द्वारा, जिन्हें अपील अधिकरण के अध्यक्ष के किसी आदेश के अधीन रहते हुए रजिस्ट्रार निदेश दे, दिन प्रतिदिन के आधार पर निम्नलिखित रजिस्टर रखे जाएंगे और उनमें निर्देशित होंगे:-

(क) अपीलों का रजिस्टर;
(ख) अर्जियों का रजिस्टर;
(ग) मूल अर्जियों का रजिस्टर;
(घ) मूल विशेष अर्जियों का रजिस्टर;
(ङ) असंख्याकित अर्जियों या अपीलों का रजिस्टर;
(च) दाखिल केवियटों का रजिस्टर; और
(छ) अर्न्तवर्ती आवेदनों का रजिस्टर;

41. लंबित मामलों में अभिलेखों की व्यवस्था - अपील या अर्जी का अभिलेख का विभाजन चार भागों में किया जाएगा और उन्हें मिलाया तथा अनुरक्षित किया जाएगा।

(क) मुख्य फाइल; (अपील या अर्जी पृथक रुप से रखी जाएगी)
(ख) प्रकीर्ण आवेदन फाइल;
(ग) आदेशिका फाइल; और
(घ) निष्पादन फाइल

42. मुख्य फाइल की अर्न्तवस्तुएं - मुख्य फाइल निम्नलिखित क्रम में रखी जाएगी और इसे नियमों के अधीन नष्ट करने का आदेश दिए जाने तक स्थायी अभिलेख के रूप में रखा जाएगा :-

(क) अनुक्रमणिका;
(ख) आदेश पत्र;
(ग) अंतिम आदेश या निर्णय;
(घ) यथास्थिति, अपील या अर्जी का ज्ञापन, उससे संलग्न किसी अनुसूची के साथ ज्ञापन;
(ङ) प्रतिवाद या प्रतिउत्तर या आक्षेप या आपत्ति, यदि कोई हो;
(च) (i) शपथपत्र पर आधारित मौखिम साक्ष्य या शपथपत्र का सबूत;

IndiaCode

(ii) आयोग में लिया गया साक्ष्य; और
(iii) दस्तावेज़ी साक्ष्य

(छ) लिखित दलीलें

43. आदेशिका फाइल की अर्न्तवस्तुएं - आदेशिका फाइल में निम्नलिखित मदें अन्तर्विष्ट होंगी; अर्थात् :-

(क) अनुक्रमणिका;
(ख) मुख्तारनामा या वकालतनामा;
(ग) सम्मन और अन्य आदेशिकाएं तथा उनसे संबद्ध शपथपत्र;
(घ) साक्षियों को बुलाने के लिए आवेदन
(ङ) अभिलेख मंगाने वाले पत्र; और
(च) डाक पावती जैसे अन्य सभी प्रकीर्ण कागज पत्र।

44. निष्पादन फाइल - निष्पादन फाइल में निम्नलिखित मदें अन्तर्विष्ट होंगी, अर्थात् –

(क) अनुक्रमणिका;
(ख) आदेश पत्र;
(ग) निष्पादन आवेदन;
(घ) ऐसी निष्पादन कार्यवाहियों से संबंधित सभी आदेशिकाएं और अन्य कागजात;
(ङ) सिविल न्यायालय को आदेश का परेषण; यदि आदेश दिया जाए, और
(च) निष्पादन का परिणाम;

45. प्रकीर्ण आवेदनों के लिए फाइल - सभी प्रकीर्ण आवेदनों के लिए केवल एक ही फाइल हो सकेगी, जिस पर एक मुख्य पृष्ठ लगा होगा और मुख्य पृष्ठ के ठीक बाद डायरी, प्रकीर्ण आवेदन, समर्थक शपथपत्र, **आदेश** पत्र और अन्य सभी दस्तावेज फाइल किए जाएंगे।

46. अभिलेख को नष्ट किया जाना - स्थायी अभिलेख के सिवाय अपील अधिकरण का अभिलेख को कार्यवाही के अंतिम निष्कर्ष से छह वर्षों के बाद रजिस्ट्रार अथवा उप-रजिस्ट्रार द्वारा नष्ट किए जाने का आदेश दिया जाएगा और यदि अधिनियम की धारा 45 के अधीन कोई अपील फाइल की जाती है तो उसे अध्यक्ष का पूर्व आदेश प्राप्त करने के बाद नष्ट किया जाएगा।

स्पष्टीकरण

नियम 46 के प्रयोजन के लिए स्थायी अभिलेख के अंतर्गत आदेश, अपील रजिस्टर, अर्जी रजिस्टर और ऐसे अन्य अभिलेख सम्मिलित होंगे जिन्हें अपील अधिकरण के अध्यक्ष द्वारा सम्मिलित किए जाने का आदेश दे ।

India Code

अध्याय-7
आदेशिका की तामील/प्रत्यर्थियों का हाज़िर होना और आक्षेप

47. सूचना जारी करना - (1) जहां अधिकरण द्वारा केवियट या अर्न्तवर्ती आवेदन के लिए अपील या अर्जी की सूचना अधिकरण द्वारा जारी की जाती है वहां उसकी प्रतियां, उनके समर्थन में दिया गया शपथपत्र और यदि अधिकरण द्वारा उक्त आदेश दिया जाए, उसके साथ फाइल किए गए अन्य दस्तावेजों, यदि कोई हो, की प्रति अन्य पक्ष को सूचना के साथ दी जाएगी।

(2) उपरोक्त प्रतियों में केवियट या अर्न्तवर्ती आवेदन के लिए अपील, अर्जी के प्रस्तुतीकरण की तारीख और तामील करने के लिए ऐसे पक्षकार के अधिवक्ता का पूरे पते के साथ नाम, यदि कोई हो, और उस पर किया गया अंतरिम आदेश, यदि कोई हो, दर्शित किया जाएगा ।

(3) अपील अधिकरण समुचित मामलों में सूचना जारी करने का आदेश दे सकेगा और संबंधित पक्षकार को दस्ती द्वारा अन्य पक्षकार पर उक्त सूचना की तामील करने और ऐसे मामले में, ऐसे पक्षकार को सूचना परिदत्त करने की भी अनुज्ञा दे सकेगा और सबूत के साथ तामीली के लिए शपथपत्र फाइल करना ऐसे पक्षकार के लिए है।

(4) सूचना की वापसी के लिए नियत तारीख के पूर्व पावती।

48. सम्मन- जहां प्राइवेट सेवा द्वारा सम्मन या सूचना देने का आदेश दिया जाता है वहां, जब तक पहले से अग्रिम रूप से अन्य पक्ष पर नहीं की जाती है, यथास्थिति, अपीलार्थी या आवेदक या अर्जीकर्त्ता सभी अपीलों या अर्जियों या आवेदनों की रजिस्ट्रीकृत डाक या कोरियर सेवा द्वारा तामील करने की व्यवस्था करेगा और सुनवाई के लिए नियत तारीख से पूर्व इसकी पावती के सबूत सहित तामीली का शपथ पत्र फाइल करेगा ।

49. नयी सूचना जारी करने के उपाय - अगर नियम 47 में विनिर्दिष्ट परिस्थितियों में कोई सूचना बिना तामील हुए वापस जाती है तो रजिस्ट्री के सूचना पट्ट पर तत्काल उसके तथ्य और कारण अधिसूचित किए जायेंगे । आवेदक या अर्जीकर्त्ता या उसके अधिवक्ता ऐसी अधिसूचना की तारीख से सात दिनों के भीतर नए सिरे से सूचना की तामील कराने के लिए उपाय करेगा ।

50. नयी सूचना जारी करने हेतु उपाय करने में विफल रहने का परिणाम - जहां, दूसरे पक्ष के लिए सम्मन जारी करने और उसकी तामील हुए बिना लौटने के पश्चात्, और यथास्थिति, आवेदक या अर्जीकर्त्ता अथवा अपीलार्थी प्रत्यर्थी (प्रत्यर्थियों) पर सूचना की वापसी की तारीख से अपील अधिकरण द्वारा यथा आदेशित अवधि के भीतर आवश्यक उपाय करने में असफल रहता है वहां रजिस्ट्रार मामले को अगले निदेशों के लिए या अनुपालन को खारिज करने हेतु रखेगा ।

51. सूचना या आदेशिका की तामील के संबंध में प्रविष्टियां - रजिस्ट्री की न्यायिक पीठ के 'रजिस्ट्री की टिप्पणियाँ आदेश पत्र के स्तंभ में प्रत्यर्थियों पर सूचना की तामील पूरी होने संबंधी ब्यौरे जैसे

सूचना जारी करने की तारीख, तामीली की तारीख, सूचना वापसी की तारीख, नई सूचना जारी करने के लिए किए गए उपाय और तामील पूरा करने की तारीख आदि अभिलिखित करेगी।

52. प्रत्यर्थी की हाज़िरी में चूक और उसके परिणाम - जहां प्रत्यर्थी पर सम्मन या सूचना प्रभावी तामील होने के बावजूद सुनवाई के लिए नियत तारीख के पूर्व हाज़िर नहीं होता है वहां अपील अधिकरण आवेदन या अर्जी की एकपक्षीय सुनवाई के लिए अग्रसर हो सकेगा और गुणागुण के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर सकेगा ।

परन्तु अपील अधिकरण, जो यदि किसी मामले में वह ठीक समझे, जटिल और व्यापक प्रशासन वाले सारवान प्रश्न अंतर्वलित हों।

53. प्रत्यर्थी द्वारा आक्षेप फाइल करना, प्ररुप और परिणाम - (1) प्रत्यर्थी यदि उसे ऐसा निदेश दिया जाए, अपील अधिकरण द्वारा अनुज्ञेय समय के भीतर आक्षेप या प्रतिवाद फाइल करेगा। आक्षेप या प्रतिवाद को अपील या अर्जी के रूप में सत्यापित किया जाएगा और जहां भी पहली बार अपील अधिकरण की अनुमति से नए तथ्य प्रस्तुत किए जाने होते हैं, वहां उसकी अभिपुष्टि समर्थक शपथपत्र द्वारा की जाएगी।

(2) प्रत्यर्थी, यदि उसे किसी कार्यवाही में आक्षेप या प्रतिवाद फाइल करने की अनुमति भी दी जाती है तो वह यथास्थिति या अर्जीकर्त्ता या उनके अभिलेख पर मौजूद काउंसेल प्राधिकृत प्रतिनिधि, को उसकी प्रतियां देने के पश्चात् उसकी तीन प्रतियां भी फाइल करेगा।

54. प्रावकाश न्याय पीठ की बैठक और मामलों को दर्ज होना - (1) जब अपील अधिकरण, प्रावकाश के लिए बंद रहता है तब प्रावकाश न्याय पीठ ऐसे दिनों, को बैठक करेगी। जो अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में उपलब्ध ज्येष्ठतम सदस्य द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए,

(2) प्रावकाश के दौरान रजिस्ट्री में केवल ऐसे मामले,प्राप्त किए जाएंगे जिनपर तत्काल या अतिशीघ्र कार्रवाई करना अपेक्षित हो, और रजिस्ट्रार अत्यावश्यकता के बारे में समाधान करके ऐसे मामलों के रजिस्ट्रीकरण और उसके करने का आदेश देगा।

(3) नियम 57 से 62 तक के अनुसार प्रावकाश के दौरान अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी जा सकेगी।

(4) इन नियमो के अधीन प्रावकाश के दौरान प्रमाणित प्रतियां भी प्रदाय की जा सकेंगी।

(5) इस नियम की कोई बात, प्रावकाश न्याय पीठ को, यदि न्यायपीठ द्वारा ऐसा निदेश दिया जाता है, अपील या अर्जी में अंतिम सुनवाई करने से नहीं रोकेगी ।

अध्याय-8
अर्जी/अपील की फीस, आदेशिका फीस और लागतों का अधिनिर्णय

55. अपील या अर्जी, आदि पर संदेय फीस - (1) धारा 31 की उप-धारा (2) के अधीन अपील या अर्जी, आवेदन, संलग्नक अर्न्तवर्ती या उपाबंध केवियट और आदेशिका फीस दाखिल करने की फीस इन नियमों से संलग्न फीस की अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट होगी।

(2) फीस और आदेशिका फीस वेतन और लेखा अधिकारी, विद्युत मंत्रालय के पक्ष में नई दिल्ली में संदेय पृथक मांगदेय ड्राफ्ट द्वारा जमा की जाएगी।

(3) अपील अधिकरण उपयुक्त मामलों में अर्जीदार या अपीलार्थी अथवा आवेदक की यथास्थिति आर्थिक दशा या निर्धनावस्था अथवा ऐसे अन्य कारण, को ध्यान में रखते हुए, यथास्थिति, मुकदमे में न्याय प्रदान कर सकेगा और ऐसी फीस अथवा उसके भाग को भुगतान माफ कर सकेगा ।

(4) केन्द्रीय सरकार प्रत्येक दो वर्ष के पश्चात् विभिन्न प्रयोजनों के लिए विनिर्दिष्ट फीस का पुनर्विलोकन करेगी और अधिसूचना द्वारा फीस की अनुसूची का संशोधन कर सकेगी ।

56. कार्यवाहियों में लागतों का अधिनिर्णय - (1) जब कभी अपील अधिकरण उचित समझे, वह व्यतिक्रमी पक्षकार पर प्रत्यर्थी के विधिक व्यय की पूर्ति के लिए लागत अधिनिर्णीत कर सकेगा ।

(2) अपील अधिकरण उपयुक्त मामलों में अपीलार्थी या प्रत्यर्थी को अन्य पक्षकार के मुकदमे का व्यय का वहन करने का निदेश दे सकेगा और न्यायालय की आदेशिका के दुरूपयोग की दशा में व्यतिक्रमी पक्षकार पर निवारक लागत अधिरोपित कर सकेगा ।

अध्याय-9
अभिलेख का निरीक्षण

57. अभिलेख का निरीक्षण - (1) किसी भी मामले के पक्षकारों या उनके काउंसेल को रजिस्ट्रार को लिखित आवेदन और उसमें विहित फीस देकर मामले के अभिलेख के निरीक्षण करने की अनुमति दी जा सकेगी ।

(2) अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट ऐसे निबंधनों और शर्तों के अधीन रहते हुए, किसी व्यक्ति, को भी जो कार्यवाही में पक्षकार नहीं है, लिखित में रजिस्ट्रार की अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् कार्यवाहियों का निरीक्षण करने की अनुज्ञा दे सकेगा।

58. निरीक्षण मंजूर करना - अपील अधिकरण के समक्ष लंबित या निश्चित मामलों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुज्ञा केवल रजिस्ट्रार के आदेश पर दी जाएगी।

59. निरीक्षण मंजूर करने के लिए आवेदन - (1) नियम 57 के उप-नियम (1) और उपनियम (2) के अधीन अभिलेख के निरीक्षण के लिए आवेदन इन नियमों से उपाबद्ध प्ररुप 5 में दिया जाएगा और किसी भी कार्य दिवस को 10.30 बजे पूर्वाह्न से 3.00 बजे अपराह्न के बीच जब तक रजिस्ट्रार द्वारा अन्यथा अनुमति नहीं दी जाए, रजिस्ट्री के फाइलिंग काउंटर में प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) रजिस्ट्री अपनी टिप्पणियों के साथ आवेदन रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत करेगी, जो उसपर विचार करने के पश्चात् समुचित आदेश पारित करेगा।

(3) साधारणतया किसी लंबित मामले के अभिलेख के निरीक्षण की अनुमति मामले की सुनवाई के लिए नियत तारीख को या पूर्ववर्ती दिन को नहीं दी जाएगी।

60. निरीक्षण के लिए संदेय फीस – सूची में यथाविनिर्दिष्ट अभिलेखों के निरीक्षण के लिए फीस लंबित मामले या विनिश्चित मामले के अभिलेख के निरीक्षण के लिए किसी आवेदन पर फीस के अनुसार वेतन और लेखा अधिकारी, विद्युत मंत्रालय, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित मांगदेय ड्राफ्ट द्वारा देय होगी।

61. निरीक्षण की रीति - (1) अभिलेख के निरीक्षण के लिए अनुज्ञा मंजूर किए जाने पर, उप-रजिस्ट्रार मामले के अभिलेख का उपापन करने की व्यवस्था करेगा और इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी की सीधी उपस्थिति में 10.30 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न और 2.30 बजे अपराह्न से 4.30 बजे अपराह्न के बीच रजिस्ट्रार द्वारा नियत तारीख और समय पर ऐसे अभिलेखों के निरीक्षण की अनुज्ञा देगा।

(2) अभिलेखों का निरीक्षण करने वाला व्यक्ति निरीक्षण के क्रम में किसी भी प्रकार से निरीक्षण के अनुक्रम में अभिलेखों को स्थान से नहीं हटाएगा, विकृत नहीं करेगा; उसमें हेरफेर नहीं करेगा अथवा क्षति नहीं पहुंचाएगा।

(3) अभिलेखों का निरीक्षण करने वाला व्यक्ति, इस प्रकार निरीक्षित किसी अभिलेख या कागज पर कोई चिन्ह नहीं लगाएगा और निरीक्षित दस्तावेजों या अभिलेखों का टिप्पण, यदि कोई हो, केवल पेंसिल से ले सकेगा ।

(4) निरीक्षण का पर्यवेक्षण करने वाला व्यक्ति, किसी भी समय आगे और निरीक्षण प्रतिषिद्ध कर सकेगा, यदि उसकी राय में निरीक्षण की प्रक्रिया में किसी अभिलेख के क्षतिग्रस्त होने की संभावना या अभिलेखों का निरीक्षण करने वाले व्यक्ति ने इन नियमों का उल्लंघन किया हो या उल्लंघन करने का प्रयास किया हो और वह तत्काल मामले के बारे में रजिस्ट्रार को रिपोर्ट करेगा और रजिस्ट्रार से अगला आदेश की ईप्सा करेगा और ऐसी टिप्पणियों का निरीक्षण रजिस्टर के स्तम्भ (8) में की जाएगी।

62 निरीक्षण रजिस्टर का अनुरक्षण - उप-रजिस्ट्रार दस्तावेजों या अभिलेखों के निरीक्षण के प्रयोजनार्थ एक रजिस्टर अनुरक्षित करेगा और उसमें, निरीक्षण की समाप्ति पर ऐसे निरीक्षण करने वाले व्यक्ति से रजिस्टर में और आवेदन पर हस्ताक्षर कराएगा ।

अध्याय-10
विधि व्यवसायियों की हाज़री

63. विधि व्यवसायियों की हाज़री - इसमें इसके पश्चात् जैसा उपबंधित है, के अधीन रहते हुए कोई भी विधि व्यवसायी अपील अधिकरण के समक्ष तत्काल किसी कार्यवाही में हाज़िर होने या कार्य करने का तब तक हकदार नहीं होगा जब तक वह विहित प्ररूप में उस पक्षकार, या उसकी ओर से सम्यक रुप से निष्पादित वकालतनामा प्ररूप 6, जो इसके साथ संलग्न है, अपील अधिकरण में फाइल नहीं करता है, जिसकी ओर से वह हाज़िर हुआ है ।

64. किसी अन्य ऊर्जा संपरीक्षक या प्रत्यायित विधि व्यवसायी का नामांकन या वचनबंधता - जहां कोई विधि व्यवसायी, जिसने वकालतनामा फाइल किया है, अपने मुवक्किल के मुकदमें में हाज़िर होने और बहाल करने के लिए किसी अन्य विधि व्यवसायी वचनबंध या नामनिर्दिष्ट करता है, किंतु मुवक्किल के लिए कार्य करने के लिए नहीं, वहां अपील अधिकरण कार्यवाही प्रारंभ होने के पूर्व मौखिक अनुरोध किए जाने पर हाज़िर होने और बहस करने के लिए ऐसे अन्य विधि व्यवसायी को अनुज्ञा दे सकेगा ।

65. अन्य विधि व्यवसायी नियुक्त करने के लिए सहमति - अपील अधिकरण के समक्ष किसी से लंबित मामले या कार्यवाही में, जिसमें अभिलेख पर पहले से कोई विधि व्यवसायी है, वकालतनामा फाइल करने का प्रस्ताव करने वाला कोई विधि व्यवसायी केवल अभिलेख पर मौजूद विधि व्यवसायी की लिखित सहमति से या जब ऐसी सहमति नामंजूर हो जाती है तो इस संबंध में फाइल किए गए किसी आवेदन पर वकालतनामे के प्रतिसंहरण के पश्चात् अधिकरण की सहमति से ऐसा करेगा ।

66. हाज़िर होने पर निर्बंधन- ऐसा विधि व्यवसायी, जिसने अधिकरण के समक्ष कोई मामला या कार्यवाही संस्थित होने के संबंध में सुझाव दिया है या ऐसे किसी मामले के संबंध में अभिवचन किया है या किसी ऐसे मामले के चलने के दौरान् पक्षकार की ओर से कार्रवाई की है, ऐसे मामले अथवा कार्यवाही या उससे उद्भूत होने वाले अन्य मामले में या उससे संबंधित किसी अन्य मामले में किसी ऐसे व्यक्ति की ओर से; जिसका हित उसके पूर्व मुवक्किल के विरोध में हो, विधि व्यवसायी को अभिवचन करने, अपील अधिकरण की पूर्वानुमति को छोड़कर हाज़िर नहीं होगा।

67. वकालतनामे का प्ररुप और निष्पादन - (1) किसी विधि व्यवसायी को बहस और कार्य करने के लिए प्राधिकृत करने वाला प्रत्येक वकालतनामा इन नियमों से उपाबद्ध प्ररुप 6 में होगा और इस प्रकार नियुक्त किए गए विधि व्यवसायी का नाम उसके निष्पादन के पूर्व उसमें अन्तःस्थापित

किया जाएगा और उसके निष्पादन और ग्रहण करने के समय तारीख डाली जाएगी और उसके निष्पादन को किसी अधिवक्ता अथवा नोटरी या भारत संघ अथवा भारत में किसी राज्य के उक्त क्रियाकलापों से संबंधित सेवारत को राजपत्रित अधिकारी अथवा वकालतनोमा ग्रहण करने वाले विधि व्यवसायी से भिन्न किसी विधि व्यवसायी द्वारा अधिप्रमाणित किया जाएगा।

(2) उप-नियम (1) के अधीन वकालतनामा अनुप्रमाणित करने वाला प्राधिकारी यह प्रमाणित करेगा कि उसे उसकी उपस्थिति में सम्यक् रुप से निष्पादित किया गया है और अपना नाम तथा पदनाम देते हुए अपने हस्ताक्षर करेगा। अनुप्रमाणन केवल वकालतनामा में उसके निष्पादन के पूर्व विधि व्यवसायी का नाम अंतःस्थापित करने के बाद ही किया जाएगा और जब किसी ऐसे पक्षकार द्वारा, जो निरक्षर, दृष्टिहीन अथवा वकालतनामा की भाषा से परिचित नहीं है, वकालतनामा निष्पादित किया जाता है तो अनुप्रमाणनकर्ता यह प्रमाणित करेगा कि वकालतनामा उसकी उपस्थिति में निष्पादक को, उसे ज्ञात भाषा में पढकर सुना दिया गया है, उसका अनुवाद कर दिया गया है, और उसे अनुदित और स्पष्ट कर दिया गया है; और उसे उसके द्वारा समझा माना जाएगा और उसने पूर्ण जानकारी और समझ के साथ उसकी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए हैं अथवा अंगूठे का निशान लगाया है।

(3) प्रत्येक वकालतनामे में विधि व्यवसायी द्वारा ग्रहण किए जाने का पृष्ठांकन अर्न्तविष्ट होगा, जिसके पक्ष में उसे निष्पादित किया गया है और उस पर तामील करने के लिए उसका पता भी अंकित होगा तथा यदि वकालतनामा एक से अधिक विधि व्यवसायियों के पक्ष में है तो वह तामील करने के लिए, उनमें से किसी एक को पता बताते हुए उन सभी द्वारा हस्ताक्षरित और ग्रहण किया जाएगा।

68. पक्षकार के सुने जाने के अधिकार पर निर्बंधन- ऐसा पक्षकार, जिसने अपील अधिकरण के समक्ष अपनी ओर से हाज़िर होने के लिए कोई विधि व्यवसायी नियुक्त किया है, जब तक अपील अधिकरण द्वारा अनुज्ञा न दी जाए, व्यक्तिगत रुप से सुनवाई करने का हक़दार नहीं होगा।

69. अधिवक्ता के लिए वृत्तिक पोशाक – अपील अधिकरण के समक्ष हाज़िर होते समय अधिवक्ता, न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए यथाविहित वृत्तिक पोशाक या टाई के साथ कोट अथवा बंद गले का कोट पहनेगा।

अध्याय-11
शपथ-पत्र

70. शपथपत्र का शीर्षक - प्रत्येक शपथपत्र प्ररूप 7 में होगा और उसका शीर्षक "ऊर्जा संरक्षण अपील अधिकरण के समक्ष" के रूप में होगा और उसके पश्चात् आवेदन अथवा अन्य कार्यवाही, का वाद शीर्षक होगा जिसमें शपथपत्र का प्रयोग किया जाना है ।

71. शपथपत्र का प्ररुप और अंतर्वस्तुएं - शपथपत्र सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908(1908 का 5) के आदेश xix, नियम 3 की अपेक्षाओं के अनुरूप होगा।

72. अनुप्रमाणित करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति - शपथपत्र की शपथ या प्रतिज्ञान किसी न्यायिक मजिस्ट्रेट या सिविल न्यायाधीश या अपील अधिकरण के रजिस्ट्रार और उप-रजिस्ट्रार या नोटेरी या जिला रजिस्ट्रार अथवा उप-रजिस्ट्रार, जो अपनी शासकीय मुहर लगाएगा अथवा राज्य में किसी सिविल अथवा दंड न्यायालय के मुख्य अनुसचिवीय अधिकारी अथवा किसी अधिवक्ता के समक्ष किया जाएगा।

73. निरक्षर, दृष्टिहीन व्यक्तियों के शपथपत्र - जहां किसी शपथपत्र की शपथ या उसका प्रतिज्ञान किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाता है, जो निरक्षर या दृष्टिहीन या उस भाषा का, जिसमें शपथपत्र लिखा गया है, से अपरिचित होना प्रतीत होता है वहां अनुप्रमाणकर्त्ता यह प्रमाणित करेगा कि शपथपत्र को उसके द्वारा अथवा उसकी उपस्थिति में अभिसाक्षी को पढ़कर सुना दिया गया, स्पष्ट कर दिया गया अथवा अनूदित किया गया है और उसके द्वारा उसे समझ लिया गया प्रतीत हुआ है और उसने प्ररुप संख्या 8 में नियमों में अनुबंध अनुप्रमाणकर्त्ता की उपस्थिति में अपना हस्ताक्षर किया अथवा निशान लगाया है।

74. अभिसाक्षी की पहचान - यदि अनुप्रमाणकर्त्ता अभिसाक्षी को नहीं जानता है तो उसकी पहचान ऐसे व्यक्ति द्वारा करवाई जाएगी जो उसे पहचानता है और पहचान करने वाला व्यक्ति उसपर संकेत स्वरूप अपना हस्ताक्षर करेगा।

75. शपथपत्र का उपाबंध- शपथपत्र के साथ संलग्न दस्तावेज को उसमें उपाबंध संख्याक के रूप में निर्दिष्ट किया जाएगा और अनुप्रमाणकर्त्ता उसपर यह पृष्ठांकन करेगा कि उपाबंध संख्यांक डालकर चिह्नांकित किया गया यह दस्तावेज़ शपथ पत्र के साथ है अनुप्रमाणकर्त्ता उसपर हस्ताक्षर करेगा और अपने नाम तथा पदनाम का उल्लेख करेगा।

अध्याय-12
दस्तावेजों की खोज, पेश करना और वापसी

76. दस्तावेजों को पेश करने के लिए आवेदन, सम्मन का प्ररुप - (1) यहां इसके अधीन उपबंधित के सिवाय, दस्तावेजों की खोज अथवा उनको पेश करना और उनकी वापसी सिविल प्रक्रिया संहिता, (1908 का 5) के उपबंधों द्वारा विनियमित होगी।

(2) दस्तावेज पेश करने के लिए सम्मन के लिए आवेदन, दस्तावेज/दस्तावेज़ों, जिसे प्रस्तुत करने की इच्छा की गई है, दस्तावेज/दस्तावेजों की सुसंगतता, और यदि प्रमाणित प्रति से प्रयोजन सिद्ध हो जाएगा, तो क्या आवेदन उचित अधिकारी को दिया गया था और उसका परिणाम उपवर्णित करते हुए सादे कागज पर दिया जाएगा ।

(3) किसी न्यायालय से भिन्न किसी लोक अधिकारी की अभिरक्षा में दस्तावेज की पेश करने हेतु सम्मन प्ररुप संख्या 9 में उपाबद्ध होगा और वह संबंधित विभागाध्यक्ष अथवा ऐसे अन्य प्राधिकारी, को संबोधित होगा जो अपील अधिकरण द्वारा निर्दिष्ट किया जाए ।

77. दस्तावेज को *स्व-प्रेरणा* से सम्मन करना - इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी अधिकरण, *स्व-प्रेरणा* से किसी लोक अधिकारी की अभिरक्षा में लोक दस्तावेज या अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए सम्मन जारी कर सकेगा ।

78. दस्तावेजों का चिन्हांकन - (1) दस्तावेज जब पेश किया जाए तो उसे निम्नानुसार चिह्नत किया जाएगा-

(क) यदि अपीलार्थी या अर्जीकर्त्ता के पक्ष द्वारा उसका अवलम्ब लिया गया है तो उन्हें 'क' श्रृंखला के रूप में संख्यांकित किया जाएगा।

(ख) यदि प्रत्यर्थी के पक्ष द्वारा उसका अवलम्ब लिया गया है, तो उन्हें 'ख' श्रृंखला के रूप में संख्यांकित किया जाएगा।

(ग) अपील अधिकरण के प्रदर्शों को 'ग' श्रृंखला के रूप में संख्यांकित किया जाएगा।

(2) अपील अधिकरण, आवेदक को सम्मन जारी करने के पूर्व अभिलेखों के परेषण के व्यय को पूरा करने के लिए पर्याप्त राशि वेतन और लेखा अधिकारी, विद्युत मंत्रालय, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित मांग ड्राफ्ट द्वारा अधिकरण में जमा करने का निदेश दे सकेगा ।

79. दस्तावेजों की वापसी और परेषण - (1) पेश किए गए दस्तावेजों की वापसी के लिए आवेदन को संख्यांकित किया जाएगा। अभिलेख को नष्ट किए जाने के पश्चात् ऐसे किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(2) अपील अधिकरण, किसी भी समय ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो वह उचित समझे, पेश किए गए दस्तावेजों की वापसी का निदेश दे सकेगा ।

अध्याय-13

साक्षियों की परीक्षा और कमीशन जारी करने की प्रक्रिया

80. साक्षियों की परीक्षा करने, कमीशन जारी करने की प्रकिया - सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का (5)) के आदेश 16 और 26 के उपबंध, किसी व्यक्ति को सम्मन करने और उसकी उपस्थिति प्रभावी बनाने तथा शपथ पर उसकी परीक्षा करने और साक्षियों की परीक्षा के लिए या दस्तावेजों को पेश करने के लिए कमीशन जारी करने के मामले में यथा आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे।

81. कैमरे में परीक्षा – अपील अधिकरण अपने विवेक से किसी साक्षी की परीक्षा कैमरे में कर सकेगा।

82. साक्षियों के लिए शपथ या प्रतिज्ञान की अभिपुष्टि का प्ररुप - किसी साक्षी को निम्नलिखित रूप से शपथ दिलाई जाएगी -

"मैं ईश्वर के नाम से शपथ लेता हूं/सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं कि मैं जो भी कहूंगा वह सत्य, पूर्ण सत्य और सत्य के सिवा कुछ नहीं होगा"।

83. दुभाषिए के लिए शपथ या प्रतिज्ञान का प्ररुप - किसी साक्षी की परीक्षा करने के लिए दुभाषिए की सहायता लेने के पूर्व उसे निम्नलिखित प्ररुप में शपथ या सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता जाएगाः

"मैं ईश्वर के नाम से शपथ लेता हूं/सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं कि मैं साक्षी से किए गए सभी प्रश्नों को और उसके द्वारा दिए गए साक्ष्य का निष्ठापूर्वक और सही भाषान्तर और व्याख्या करूंगा और अनुवाद के लिए मुझे दिए गए सभी दस्तावेजों का सही और यथार्थ रूप से अनुवाद करूंगा।"

84. शपथ दिलाने वाला अधिकारी - शपथ या प्रतिज्ञान न्यायालय अधिकारी या शपथ आयुक्त द्वारा दिलाया जाएगा।

85. बयान अभिलिखित करने के लिए प्ररुप - (1) किसी साक्षी का बयान इन नियमों से उपाबद्ध प्ररुप संख्या 10 में अभिलिखित किया जाएगा।

(2) बयान के प्रत्येक पृष्ठ पर गठित न्यायपीठ के सदस्यों द्वारा आद्याक्षर होंगे ।

(3) यदि न्यायपीठ/ या आयुक्त का समाधान हो जाता है तो साक्षी द्वारा यदि बताई गई शुद्धियों का यदि कोई हो, निष्पादन किया जा सकेगा और उस पर सम्यक् रुप आद्याक्षर किया जाएगा। यदि उसका समाधान नहीं होता है तो इस प्रभाव का एक टिप्पण बयान के नीचे संलग्न किया जाएगा।

86. साक्षियों का संख्यांकन - आवेदक या अर्जीदाता द्वारा बुलाए गए साक्षियों को "पीडब्ल्यू" और प्रत्यर्थियों द्वारा "आरडब्ल्यू" के रूप में क्रमानुसार संख्यांकित किया जाएगा।

87. उन्मोचन प्रमाणपत्र देना - अपील अधिकरण द्वारा उन्मोचित साक्षी को रजिस्ट्रार द्वारा इन नियमों से उपाबद्ध प्ररुप संख्या 11 में एक प्रमाणपत्र दिया जा सकेगा।

88. संदेय साक्षी बट्टा - (1) जहां अपील अधिकरण किसी सरकारी सेवक को साक्ष्य देने अथवा दस्तावेज पेश करने के लिए सम्मन जारी करता है, तो इस प्रकार सम्मन किया गया व्यक्ति सरकार से नियमानुसार उसे स्वीकार्य यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता आहरित कर सकेगा ।

(2) जहां साक्ष्य देने अथवा दस्तावेज पेश करने के लिए बुलाए गए व्यक्ति को नियोक्ता द्वारा यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ते के भुगतान का कोई उपबंध नहीं है वहां वह बट्टा (यात्रा और अन्य व्यय को पूरा करने के लिए रजिस्ट्रार द्वारा पाई गई पर्याप्त राशि) के रूप में साक्षी की स्थिति और पद को ध्यान में रखते हुए संदत्त किए जाने का हकदार होगा और सम्मन के लिए आवेदन करने वाला पक्षकार रजिस्ट्रार द्वारा प्राक्कलित बट्टे की रकम सम्मन जारी करने के बहुत पहले रजिस्ट्रार के पास जमा कराएगा और यदि साक्षी का न्यायालय के साक्षी के रूप में समन किया जाता है तो रजिस्ट्रार द्वारा प्राक्कलित रकम अपील अधिकरण के निदेशानुसार संदत्त की जाएगी।

(3) उपरोक्त उपबंध साथ ही दुभाषिए को भी बट्टे के संदाय को शासित करें।

89. आयुक्त को प्रस्तुत किए जाने वाला अभिलेख - अपील अधिकरण द्वारा ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किए जाएंगे, जो अपील अधिकरण कमीशन निष्पादन करने के लिए आवश्यक समझे और मूल दस्तावेज केवल तभी प्रस्तुत किए जाएंगे यदि कोई प्रति उसका प्रयोजन पूरा नहीं करती है या उसे अथवा वह अयुक्ति युक्त अथवा विलम्ब के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता है। अभिलेख का परिदान और उसकी वापसी उचित अभिस्वीकृति के अधीन की जाएगी।

90. नमूना हस्तलेखन, हस्ताक्षर, आदि लेना - आयुक्त यदि आवश्यक हो, अपने समक्ष जांच किए गए किसी साक्षी के हस्तलेखन, हस्ताक्षर अथवा उंगलियों के निशान का नमूना ले सकेगा ।

अध्याय-14
आदेशों की उद्घोषणा

91. आदेश - अपील अधिकरण के समक्ष किसी आवेदन/ या अर्जी पर अपील अधिकरण के अंतिम विनिश्चय का वर्णन निर्णय के रूप में किया जाएगा।

92. आदेश का प्रभावी भाग - न्यायपीठ के सभी आदेश या निदेशों का वर्णन आदेश के अंतिम पैराग्राफ में स्पष्ट और संक्षिप्त रूप में किया जाएगा।

93. सुधार - न्याय पीठ का सदस्य, जिसने आदेश तैयार किया है, सभी सुधारों पर आद्याक्षर करेगा तथा प्रत्येक पृष्ठ के नीचे अपना आद्याक्षर करेगा।

94. आदेश का सुनाया जाना - (1) न्यायपीठ जहां तक संभव हो सुनवाई समाप्त होने के तुरंत बाद आदेश सुनाएगी ।

(2) जब आदेश आरक्षित किए जाते हैं तो जब आदेश सुनाने की तारीख वाद सूची में अधिसूचित की जाएगी, जो सुनाए जाने के प्रज्ञापन की विधिमान्य सूचना होगी।

(3) खुले न्यायालय में आदेश के प्रभावी भाग को पढ़े जाने को आदेश का सुनाया जाना समझा जाएगा।

(4) अपील अधिकरण की सर्किट न्यायपीठ द्वारा आरक्षित किसी आदेश को भी स्थिति की आवश्यकता की अपेक्षानुसार उपरोक्त किसी एक रीति से न्याय पीठ के बैठने के मूल स्थान में सुनाया जा सकेगा ।

95. न्याय पीठ के किसी एक सदस्य द्वारा आदेश की उद्घोषणा - (1) न्याय पीठ का कोई सदस्य न्याय पीठ के लिए और उसकी ओर से आदेश सुना सकेगा ।

(2) जब इस नियम के अधीन कोई आदेश की सुनाया जाता तब कोर्ट मास्टर आदेश पत्र में एक टिप्पण लिखेगा कि अपील अधिकरण से एक अध्यक्ष और सदस्यों से मिलकर बनी न्याय पीठ का आदेश दो या तीन सदस्यों से मिलकर गठित न्यायपीठ की ओर से खुले न्यायालय में सुनाया गया।

96. आदेश को सुनाने के लिए किसी सदस्य को प्राधिकृत करना - (1) यदि न्याय पीठ के सदस्य, जिन्होंने मामले की सुनवाई की है, तत्काल उपलब्ध नहीं हैं या वे अपील अधिकरण के सदस्य नहीं रहते तो अपील अधिकरण का अध्यक्ष, किसी अन्य सदस्य को यह समाधान करने के पश्चात् कि आदेश उन सभी सदस्यों द्वारा, जिन्होंने मामले की सुनवाई की थी, सम्यक् रुप से तैयार किया गया है और हस्ताक्षरित किया गया है, अपनी ओर से आदेश सुनाने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा । इस प्रकार प्राधिकृत किए गए सदस्य द्वारा सुनाया गया आदेश को सम्यक् रुप से सुनाया गया समझा जाएगा।

(2) आदेश को सुनाए जाने के लिए इस प्रकार प्राधिकृत सदस्य यह कथन करते हुए मामले के आदेश पत्र पर अपना हस्ताक्षर करेगा कि उसने इस नियम के अनुसार आदेश सुनाया है ।

(3) अगर न्यायपीठ के किसी ऐसे सदस्य द्वारा, जिसने मामले की सुनवाई की है, मृत्यु, सेवानिवृत्ति या त्यागपत्र या अन्य किसी कारण से आदेश पर हस्ताक्षर नहीं किया जा सकता तो उसे आंशिक सुनवाई से निर्मोचित समझा जाएगा और सुनवाई के लिए पुनः सूचीबद्ध किया जाएगा।

97. कोर्ट मास्टर द्वारा प्रविष्टियां करना - कोर्ट मास्टर, न्याय पीठ द्वारा कोई आदेश सुनाए जाने के तुरंत बाद ऐसी सुनाए जाने की तारीख, निपटान की प्रकृति और आदेश सुनाने वाली न्याय पीठ के गठन के संबंध में मामले की फाइल में आवश्यक पृष्ठांकन करेगा और वह अपने द्वारा रखी जाने वाली न्यायालय डायरी में भी आवश्यक प्रविष्टियां करेगा।

98. कोर्ट मास्टर द्वारा आदेश का परेषण - (1) कोर्ट मास्टर आदेश सुनाए जाने के तुरंत बाद मामले की फाइल के साथ आदेश उप-रजिस्ट्रार को परेषित करेगा।

(2) कोर्ट मास्टर से आदेश की प्राप्ति पर, उप-रजिट्रार सम्यक संवीक्षा करने के पश्चात् अपना यह समाधान करेगा कि इन नियमों के उपबंधों का सम्यक रुप से पालन किया गया है और उसके संकेत-स्वरूप आदेश के बाहरी लिफाफे पर तारीख सहित अपना आद्याक्षर करेगा। तत्पश्चात, उप-रजिस्ट्रार मामले की फाइल और आदेश, प्रतियां तैयार करने और पक्षकारों को उनकी संसूचना देने का उपाय करने के लिए रजिस्ट्री को परेषित कराएगा।

99. आदेश का रुपविधान - (1) सभी आदेश बांई ओर के 5 सेंटीमीटर के हाशिए तथा दांई ओर के 2.5 सेंटीमीटर के हाशिए सहित ए-4 आकार के (30.5 सेंटीमीटर लम्बा और 21.5 सेंटीमीटर चौड़ा) टिकाऊ फुलस्केप फोलियो कागज पर केवल एक तरफ डबल स्पेस में साफ और सही रूप से टंकित होंगे। आदेश में सुधार, यदि कोई हो, साफ-साफ किया जाएगा। आदेश के प्रत्येक पृष्ठ के ऊपर और नीचे दोनों ओर उसकी बनावट को सुरूचिपूर्ण बनाने के लिए पर्याप्त स्थान छोड़ा जाएगा।

(2) न्याय पीठ गठित करने वाले सदस्य अपने ज्येष्ठता क्रम में दांई से बांई ओर अपने हस्ताक्षर करेंगे।

100. निपटारे के पश्चात् मामले की फाइल का सूचीकरण - पक्षकारों या विधि व्यवसायियों को आदेश की संसूचना के पश्चात् संबंधित पदाधिकारी पृष्ठांकन के साथ अभिलेख व्यवस्थित करेंगे और अपील अधिकरण द्वारा निर्धारित की जाने वाली प्ररुप संख्या में सूची पत्र तैयार करेंगे। वह आद्याक्षर करेगा और सूची आद्याक्षर के साथ अभिलेख को अभिलेख कक्ष को परेषित करेगा।

101. फाइलों या अभिलेखों अथवा आदेशों का पारेषण - मामलों की फाइलों अथवा अभिलेखों या आदेश का पारेषण रजिस्ट्रार के निर्देशानुसार विभिन्न अनुभागों अथवा स्तरों पर अनुरक्षित संचालन रजिस्टर में पावती प्राप्त करने के बाद ही किया जाएगा।

102. पुस्तकालय में आदेशों की प्रतियां - (1) रजिस्ट्री का भारसाधक अधिकारी प्रत्येक अंतिम आदेश की प्रतियां पुस्तकालय को भेजेगा।

(2) प्रत्येक मास में प्राप्त सभी आदेशों की प्रतियां पुस्तकालय में सुनाए जाने की तारीख के क्रम में पृथक फोल्डर में सम्यक् रुप से अनुक्रमांकित और सिलकर व्यवस्थित की जाएंगी।

(3) प्रत्येक वर्ष के अंत में, एक समेकित अनुक्रमणिका भी तैयार की जाएगी और उसे पुस्तकालय में एक पृथक फाइल में रखा जाएगा।

(4) आदेश के फोल्डरों और सूचियां विधि व्यवसायियों को संदर्भ के लिए पुस्तकालय में उपलब्ध कराई जा सकेगी ।

अध्याय-15
उच्चतम न्यायालय के आदेश

103. विशेष इजाजत अर्जी या अपील का रजिस्टर - (1) अपील अधिकरण के आदेशों के विरूद्ध उच्चतम न्यायालय को की गई विशेष इजाजत अर्जी या अपीलों के संबंध में प्ररुप संख्या-12 में एक रजिस्टर रखा जाएगा और उसमें न्यायिक शाखा द्वारा तत्काल प्रविष्टियां की जाएंगी।

(2) रजिस्टर, प्ररुप अपील अधिकरण का अध्यक्ष द्वारा संवीक्षा के लिए प्रत्येक मास के प्रथम सप्ताह में प्रस्तुत किया जाएगा।

